

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
**Ministry of Housing and Urban Affairs**
Government of India

सत्यमेव जयते

# साप्ताहिक सूचना पत्र

दिनांक 4.09.2026 से 9.09.2026

**प्रथम संस्करण**



## श्री मनोहर लाल

माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य
तथा विद्युत मंत्री



**5 सितंबर, 2026**

# शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री ने किया दिल्ली मेट्रो से सफर

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस (5 सितंबर) के अवसर पर दिल्ली मेट्रो से यात्रा की। उन्होंने विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से यात्रा करते हुए श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) पहुंचकर विद्यार्थियों और युवाओं से जुड़े कार्यक्रम में भाग लिया।

मेट्रो यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने यात्रियों का अभिवादन स्वीकार किया और उनसे बातचीत की। प्रधानमंत्री की मौजूदगी से मेट्रो में यात्रा कर रहे यात्रियों में उत्साह देखने को मिला और कई यात्रियों ने इस अवसर को यादगार बताया।



दिल्ली मेट्रो से प्रधानमंत्री की यह यात्रा सार्वजनिक परिवहन के महत्व और दिल्ली मेट्रो की व्यापक उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। लाखों यात्रियों को प्रतिदिन तेज, सुविधाजनक और भरोसेमंद परिवहन उपलब्ध कराने वाली दिल्ली मेट्रो राजधानी के सार्वजनिक परिवहन तंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी बनी हुई है।

10 सितंबर, 2026

# केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ स्वच्छता ही सेवा 2026 की तैयारियों की समीक्षा की

माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी विकास मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2026 अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले माहव्यापी अभियान को 'सेवा संकल्प' और जनभागीदारी की भावना से प्रेरित जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से 17 सितंबर को अपने घरों से स्वच्छता की शुरुआत करने तथा शाम को स्वच्छता, स्वास्थ्य और सकारात्मकता के प्रतीक के रूप में दीया जलाने का आग्रह किया।



राज्यों को स्थानीय निकायों, जनप्रतिनिधियों, RWA, युवाओं और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के तहत 1 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर श्रमदान के लिए अग्रिम योजना बनाने और स्वच्छता के प्रयासों को अभियान के बाद भी बनाए रखने पर जोर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकतम जनभागीदारी, धरातल पर दृश्यमान बदलाव और स्थायित्व पर विशेष बल दिया, ताकि स्वच्छता हमारे स्वभाव, संस्कार और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बन सके।


स्वच्छता में सहभाग – स्वच्छ भारत, विकसित भारत।

5 सितंबर, 2026

# केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने श्री सी. आर. पाटिल के साथ स्वच्छता ही सेवा 2026 की तैयारियों की संयुक्त समीक्षा की

05 सितंबर 2026 को माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल ने माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल के साथ दोनों मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक की और स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2026 अभियान की तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले माहव्यापी अभियान की प्रस्तावित गतिविधियों और कार्यान्वयन रणनीति की समीक्षा की गई। दोनों मंत्रियों ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालयों, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।





स्वच्छता ही सेवा को एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए, दोनों मंत्रियों ने अग्रिम योजना, सामुदायिक सहभागिता और निरंतर स्वच्छता प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से स्वच्छता अभियानों को दृश्यमान और स्थायी प्रभाव वाला बनाने का आह्वान किया, ताकि स्वच्छता जन-नेतृत्व वाले आंदोलन के रूप में विकसित हो और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बने।



**5 सितंबर, 2026**

# केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने इंदौर मेट्रो की विस्तारित सेवा का किया शुभारंभ, शहरी कनेक्टिविटी को मिलेगा नया विस्तार

माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर मेट्रो की विस्तारित सेवा का शुभारंभ किया।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो सेवा के विस्तार से नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे यात्रा समय कम होगा, यातायात की भीड़ घटेगी और शहर के 'ईज ऑफ लिविंग' में सुधार होगा। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट जैसे प्रमुख स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी से इंदौर में सुगम आवागमन को बढ़ावा मिलेगा तथा आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।






भारत में मेट्रो नेटवर्क के तेजी से विस्तार को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में मेट्रो नेटवर्क 2014 में 5 शहरों में 245 किमी से बढ़कर आज 26 शहरों में 1,170 किमी हो गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत अमेरिका को पीछे छोड़कर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि आधुनिक, टिकाऊ और कुशल शहरी बुनियादी ढांचा 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और साथ ही शहरी परिवहन को बदलते हुए नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

10 सितंबर, 2026

# केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की 9वीं बैठक में PMAY-U 2.0 के तहत 29,000+ अतिरिक्त आवास स्वीकृत

केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (CSMC) की 9वीं बैठक श्री सतेंद्र सिंह, सचिव, शहरी विकास विभाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 (PMAY-U 2.0) के तहत असम, बिहार, गुजरात, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के परिवारों के लिए 29,000 से अधिक अतिरिक्त आवासों को स्वीकृति दी गई।




इन नवीनतम स्वीकृतियों के साथ PMAY-U 2.0 के तहत स्वीकृत आवासों की कुल संख्या 18.77 लाख हो गई है। यह शहरी परिवारों को किफायती एवं गरिमापूर्ण आवास उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

बैठक में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष जोर रहा। PMAY-U 2.0 के तहत स्वीकृत आवासों में 92% आवास महिलाओं के नाम पर हैं, जिनमें महिला परिवार प्रमुख के नाम पर अथवा संयुक्त स्वामित्व के माध्यम से आवास शामिल हैं।

बैठक में श्री कुमार रविकांत सिंह, संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (Housing for All), श्री संजीत, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित राज्यों के मिशन निदेशक उपस्थित रहे।

PMAY-U के तहत हुई निरंतर प्रगति को आगे बढ़ाते हुए, PMAY-U और PMAY-U 2.0 के अंतर्गत अब तक 1.25 करोड़ से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 1 करोड़ से अधिक आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

**7 सितंबर, 2026**

# CPWD निर्मित ITAT कोलकाता के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन

केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने 7 सितंबर 2026 को न्यूटाउन, कोलकाता में आयकर अपीलीय अधिकरण (ITAT) के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ITAT के अध्यक्ष, न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) सी.वी. भडांग और कोलकाता क्षेत्र के उपाध्यक्ष श्री डी.आर.एल. रेड्डी उपस्थित रहे।






मंत्री ने CPWD द्वारा किए गए निर्माण कार्य की सराहना की और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए CPWD कोलकाता के मुख्य अभियंता श्री वी.के. सिंह को सम्मानित किया। नया परिसर ITAT की कार्यप्रणाली को अधिक आधुनिक, सुगम और प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

लगभग 9,600 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र में बेसमेंट + भूतल + 3 मंजिल वाले इस भवन में 4 आधुनिक कोर्ट रूम, 100 व्यक्तियों की क्षमता वाला सम्मेलन कक्ष और बेसमेंट में 100 वाहनों की पार्किंग की सुविधा है। भवन में 50 KWp Solar PV Power Plant, VRV/VRF एयर-कंडीशनिंग तथा 3 लिफ्ट भी उपलब्ध हैं, जिनमें एक विशेष लिफ्ट न्यायाधीशों के लिए है।

8 सितंबर, 2026

# Digital शहरी शासन को नई गति, NUDM टीम ने कर्नाटक में की समीक्षा

National Urban Digital Mission (NUDM) का उद्देश्य 2026 तक ULBs में सुलभ, समावेशी और प्रभावी digital governance को बढ़ावा देना तथा shared digital infrastructure के माध्यम से शहरी हितधारकों की क्षमता मजबूत करना है।




08–09 सितंबर 2026 को संयुक्त सचिव, NUDM, MoHUA ने NUDM टीम के साथ बेंगलुरु में कर्नाटक की digital governance पहलों और NUDM implementation की समीक्षा की। Centre for e-Governance के साथ बैठक में Kutumba Family ID की technical architecture, data integration एवं verification प्रक्रियाओं तथा इसे UPYOG से integrate करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। eGov Foundation के साथ India Urban Stack/UDPI के संभावित implementation पर भी विचार-विमर्श किया गया।







09 सितंबर को Karnataka Urban Development Department, Karnataka Municipal Data Society और Centre for Smart Governance के साथ बैठक में NUDM initiatives के State-level adoption, convergence और integration को मजबूत करने की आगे की दिशा पर चर्चा की गई।



सत्यमेव जयते

# Ministry of Housing and Urban Affairs

Government of India

